आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 11.09.2024

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। कहा – भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए हर कदम उठाएगा।
- केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह–योजना की शुरूआत की।
- सरकार ने प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर करने के निर्देश दिए।
- मौसम विभाग ने 12 व 13 अगस्त को देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और बागेश्वर जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि यह सिलिकॉन कूटनीति का युग है और भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए हर कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत में निर्मित चिप्स से लैस किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस दशक के अंत तक देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को 500 बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इससे 60 लाख नौकरियां पैदा होंगी। प्रधानमंत्री ने डिजिटल इंडिया पहल की सफलता पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि देश इसके गुणक प्रभाव को देख रहा है। उन्होंने कहा कि पहले देश मोबाइल फोन आयात करता था, लेकिन अब यह मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक बन गया है। इस अवसर पर बोलते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने डिजिटल इंडिया और दूरसंचार मिशन के माध्यम से नागरिकों के हाथों में प्रौद्योगिकी पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर उद्योग का विकास इस दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा।

संसदीय कार्य मंत्री

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज नई दिल्ली में मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों के रूप में छह गतिविधियों का शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रीय ई–विधान एप्लिकेशन 2.0 अधीनस्थ विधान प्रबंधन प्रणाली, परामर्शदात्री समिति प्रबंधन प्रणाली, राष्ट्रीय युवा संसद योजना 2.0 और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पहल का शुभारंभ किया।
इन पहलों का उद्देश्य कागज रहित विधायी वातावरण प्राप्त करना, वास्तविक समय पर शासन को बढ़ावा देना और बेहतर निर्णय लेने की ओर ले जाना है।

प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह–योजना

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह–योजना शुरू की है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की चौथी वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए, श्री रंजन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एक साथ आने की अपील की और मत्स्य पालन क्षेत्र को एक संगठित क्षेत्र बनाने के लिए अधिक से अधिक मछुआरों को इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए कहा।

केदारघाटी आपदा

प्रदेश सरकार ने केदारघाटी में मुआवजा और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए अब तक 30 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। आपदा सचिव विनोद सुमन ने आज रुद्रप्रयाग में आपदा संबंधी बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए क्षतिग्रस्त सड़क तथा पैदल मार्गों की मरम्मत के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री सुमन ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुचारू व सुरक्षित बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इससे पहले गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे और आपदा सचिव विनोद सुमन ने रुद्रप्रयाग में सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र और पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि श्रद्धालुओं की यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के इंतजाम और पुख्ता होंगे। यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के बीच स्लाइडिंग और डेंजर जोन में अब यात्रियों को हेलमेट पहन कर रास्ते पार करवाया जायेगा। साथ ही यात्रियों को सचेत करने के लिए अनाउंसमेंट सिस्टम और अलर्ट लाइट्स की भी मदद ली जाएगी।

सड़कों की मरम्मत

प्रदेश में बारिश के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रमुख सचिव आरके सुधांशु को निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने कहा कि बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा

केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने बागेश्वर जिले में लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री ने जिला उद्यान अधिकारी को बागवानी को बढ़ावा देने के लिए जिले में अभिनव कार्य करने को कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री टम्टा ने कहा पानी की समस्या दूर करने और जल जीवन मिशन की हर शिकायत को दूर करने के लिए हर गांव और हर पंचायत में एक बैठक का आयोजन किया जाएं।

आईआईटी

हरिद्वार के रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आई.आई.टी में हाइड्रोलिक मशीनरी पर 32वीं आई.ए.एच.आर संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया। हाइड्रोलिक मशीनरी और सिस्टम समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर स्टीफन रिडेल–बाउच ने कहा कि इस सम्मेलन में उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ विचारों के आदान–प्रदान के माध्यम से हम हाइड्रो पावर तकनीक को और बेहतर बनाने के साथ–साथ इसमें और सुधार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत में प्राकृतिक जल स्रोतों की मौजूदगी के कारण हाइड्रो पावर की अपार संभावनाएं हैं। बिजली की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्टीफन रिडेल–बाउच ने कहा कि अन्य नवीकरणीय स्रोतों की तुलना में हाइड्रो पावर बिजली उत्पादन का सबसे सस्ता और टिकाऊ स्रोत है।

आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर के.के. पंत ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2030 तक 500 गीगावॉट ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसमें जल विद्युत परियोजना और अक्षय ऊर्जा व सोलर एनर्जी का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

सड़क दुर्घटना

टिहरी जिले में पिछले 24 घंटे में दो अलग–अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल व्यक्ति को श्रीनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर मूल्या गांव के पास दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, एक अन्य हादसे में कल शाम हिंडोला खाल के पास एक वाहन के खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 01 अन्य घायल व्यक्ति का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

लोकजात/झुमाधुरी महोत्सव

नंदाष्टमी और लोकजात के समापन के अवसर पर आज देहरादून के राजीव नगर में हिमालय की आराध्य मां नंदा की कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इससे पहले कल देर शाम प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अल्मोड़ा में भी मां नंदाष्टमी मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। हजारों भक्तों ने मां नंदा और सुनंदा के दर्शन किये।

उधर, चंपावत जिले के लोहाघाट स्थित झूमाधुरी मंदिर में देवी रथों के पहुंचने के साथ ही पांच दिवसीय झूमाधुरी महोत्सव का समापन हो गया है। देवी रथों के मुख्य मंदिर पहुंचने पर हजारों श्रद्धालुओं ने देवी मां का आशीर्वाद लिया।

मौसम

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। बदरीनाथ और केदारनाथ की उच्च हिमालय क्षेत्रों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। इसके अलावा चमोली जिले के माणा क्षेत्र में भी बर्फबारी की खबर है। इस बीच, बागेश्वर जिले में आज कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं, जबकि कुमाऊं मंडल के अन्य जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 12 और 13 अगस्त को प्रदेश के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और बागेश्वर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी भारी बारिश के आसार हैं। विभाग की चेतावनी को देखते हुए सभी संबंधित जिलों के अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लोगों को बारिश होने पर सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

पोषण माह

नैनीताल स्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो कार्यालय ने रुद्रपुर में 3 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण से देश को मुक्त कराना है। श्री भट्ट ने कहा कि पोषण के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए एक मल्टीमीडिया वैन चलाई जा रही है।

प्रतिबंध का कड़ाई से पालन

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने सुरक्षा कारणों से रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक सड़कों पर यातायात पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही उन्होंने प्रतिबंधित समय के दौरान सड़कों पर वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर भी जोर दिया है।

सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने आज पौड़ी में भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। श्री भट्ट ने बताया कि पौड़ी में अब तक 3 हजार से अधिक नए सदस्य बने हैं और यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा हैं।